**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–24.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड सरकार के खिलाफ आज भाजपा ने किया राज्यव्यापी प्रदर्शन, प्रखंडों में निकाली गई जनाक्रोश रैली, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जनता से सड़कों पर उतरने की अपील की।**
2. **धनबाद में अपराध नियंत्रण के लिए सिटी हॉक्स दस्ते की हुई शुरुआत, 50 हाई–टेक बाइकों से लैस दस्ता करेगा अपराध और आपात स्थितियों की निगरानी।**
3. **भारतीय स्टेट बैंक की 70वीं वर्षगांठ पर चाईबासा में रक्तदान शिविर आयोजित, बैंककर्मी, ग्राहक और सीआरपीएफ जवानों ने बढ़–चढ़कर लिया हिस्सा, 100 यूनिट रक्त किया संग्रह।**
4. **मौसम विभाग ने कल राज्य के 12 जिलों में भारी बारिश की का जारी किया येलो अलर्ट, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम सहित सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां भी प्रभावित जिलों में शामिल।**
5. **गुमला में जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, विजेता टीम करेगी राज्य स्तर पर करेगी प्रतिनिधित्व।**

***************************

झारखंड सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने आज राज्यव्यापी आक्रोश प्रदर्शन किया। कई जिलों के प्रखंडों मे भाजपा कार्यकत्ताओं ने राज्य सरकार के विरोध मे जनाक्रोश रैलियाँ निकाली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के गांवा में हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ विभिन्न मुद्दों पर आंदोलन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मारांडी ने कहा कि झारखंड की जनता भ्रष्टाचार, बालू–पत्थर की तस्करी और सरकारी अव्यवस्था से परेशान है। उन्होंने जनता से सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने का आह्वान किया।

इसके साथ भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रवींद्र राय ने भी हेमंत सरकार पर जनता के विश्वास को तोड़ने का आरोप लगाया।

***************************

सरायकेला–खरसावां में भी भाजपा ने राज्य सरकार की विफलताओं के खिलाफ जनाक्रोश रैली और विरोध प्रदर्शन किया। रैली में स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन ने सरकार को जनविरोधी बताते हुए पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य और विधि व्यवस्था में सरकार की असफलताओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं धरातल पर नहीं उतर रही हैं और जनता बिचौलियों से परेशान है।

***************************

कोडरमा में आयोजित सभा में विधायक डॉक्टर नीरा यादव ने सरकार पर जनहित की अनदेखी, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली और महिलाओं की असुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने हाल ही में हजारीबाग में स्वर्ण व्यवसायी पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

***************************

इधर चाईबासा में भी भाजपा ने राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत जनाक्रोश रैली निकाली और हेमंत सोरेन सरकार के कार्यों की तीखी आलोचना करते हुए जोरदार नारेबाजी की। प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिद ने सरकार पर मनमाने ढंग से काम करने और विधि–व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया।

उधर पलामू जिले के सभी मंडलों में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना–प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने बालू, कोयला, लोहा और भूमि की अवैध तस्करी, पेंशन वितरण में देरी और बढ़ते अपराध पर राज्य सरकार को घेरा।

***************************

धनबाद में अपराध नियंत्रण और आधुनिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सिटी हॉक्स नामक विशेष पेट्रोलिंग दस्ते की शुरुआत की गई। बीसीसीएल द्वारा सीएसआर के तहत प्रदान की गई 50 हाई–टेक बाइकों के माध्यम से यह दस्ता शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती और आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देगा। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि यह यूनिट ट्रैफिक जाम, झपटमारी, छेड़खानी और चोरी जैसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

***************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज जनजातीय समाज के एक शिष्टमंडल ने रांची स्थित राजभवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने झारखंड पंचायत उपबन्ध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियमावली 2024 को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह नियमावली ग्राम सभाओं को सशक्त बनाती है और धार्मिक व सामाजिक जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। शिष्टमंडल ने इसे जनजातीय समुदाय का व्यापक समर्थन प्राप्त होने की बात भी कही।

***************************

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिवस 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल के कारण ज्यादतियों का सामना किया था।

*********************

भारतीय स्टेट बैंक इस वर्ष अपनी स्थापना का 70वां वर्ष मना रहा है और इसके तहत 70 हजार यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य है। आज चाईबासा स्थित बैंक की मुख्य शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर मुख्य प्रबंधक रविंद्र नवल ने बताया कि इस शिविर में बैंककर्मी, ग्राहक और विशेष रूप से सीआरपीएफ के जवानों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

*********************

मौसम विभाग ने कल पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज प्रभावित जिलों में शामिल हैं। 26 जून को भी मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*********************

गुमला के संत इग्नासियस उच्च विद्यालय स्टेडियम में आज जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता 26 जून तक चलेगी और विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

*****************